प्रतियोगिता का समापन

टोडाभीम (नि.सं.)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मातासूला में चल रही मातासूला प्रीमियम लीग -3 क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल मैच खंडीप व सांथा के बीच खेला गया। जिसमें खंडीप की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 174 रन बनाए जिसके जवाब में सांथा की टीम मात्र 121 बनाकर ढेर हो गई। खंडीप ने फाइनल मैच को जीतकर क्रिकेट प्रतियोगिता पर अपना कब्जा जमा लिया। मातासूला प्रीमियम लीग-3 क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजकों ने बताया कि मातासूला में 2 मई से चल रही प्रतियोगिता में अलवर, भरतपुर, करौली, दौसा जिलों की 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच अशोक कुमार मीना खंडीप को दिया गया। मातासूला प्रीमियम लीग-3 क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता के समापन पर पंचायत समिति सदस्य गोपाल मीना, सरपंच रिंकू कुमार मीणा ने विजेता टीम को 51 हजार रूपए व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 3100 हजार रूपए व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता के मुख्य अथिति पंचायत समिति सदस्य गोपाल मीना, सरपंच रिंकू कुमार मीणा ने उपस्थित खिलाडियों को संबोधित किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने ईंट भट्टा मजदूरों की समस्याएं जानी

करौली (निंसं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एक्शन प्लान के अनुसार 1 से 31 मई तक अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,करौली द्वारा जिले में संचालित विभिन्न स्टोन खदानों,स्टोन क्रेशर,मनरेगा साईट आदि का निरीक्षण किया जाकर वहां पर पैरा लीगल वोलेंटियरस के माध्यम से विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोगों को बालश्रम, बाल विवाह,बाल तस्करी, शिक्षा का अधिकार आदि की जानकारी प्रदान की जा रही है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश बीना गुप्ता द्वारा गुरूवार को श्रीमहावीरजी स्थित राज ईंट उद्योग /भुट्टा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उद्योग पर उपस्थित मजदूरों /श्रमिकों से बातचीत की गई तथा उनकी समस्याओं व उनको मिलने वाले वेतन/भुगतान के बारे में पूछताछ कि गई। तथा निरीक्षण के दौरान उद्योग में कोई श्रमिक ज़बरन व बंधुआ मजदूरी तो नहीं करता,किसी मजदूर का शोषण तो नहीं हो रहा व कोई बाल श्रम तो नहीं कराया जा रहा है। का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अवसर पर सचिव बीना गुप्ता ने बताया कि बालश्रम/ बाल मजदूरी, जबरन / बंधुआ मजदूरी व बाल विवाह कराया जाना कानूनन अपराध है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मजदूरों /श्रमिकों को उनके लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

करौली जिला विविध सेवा प्राधिकरण कि सचिव वीणा गुप्ता ने ईंट भट्टों का निरीक्षण किया।

शिक्षा के मन्दिर के बाहर लगा रहता है कचरे का ढेर

करौली (निंसं.)। करौली जिले की व्यवस्था इन दिनों गंभीर समस्याओ से गुजर रही है गर्मी के इन दिनों में तापमान हाई चल रहा है तेज लू चल रही है। वही जिले के राजकीय महाविद्यालय के सामने महीनों से पड़ा कचरे का ढेर नगर परिषद ने हटाया नहीं है। जिसके कारण कॉलेज आने जाने वाले विद्यार्थियों को खासी परेशानिया उठानी पडती है।

सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र मीणा गुरदह ने बताया कि राजकीय पीजी कॉलेज के बाहर मुख्य द्वार पर कचरे का ढेर लगा हुआ है। 7 से 8 दिनों में कचरा साफ़ तो करते है लेकिन कॉलेज में घुसने से पहले उसकी बदबू का सामना छात्रों को करना पड़ता है। जिले में ऐसा कोई विभाग नहीं बना जो अपने क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को देख सके। कचरे पर पशु आपस में झगड़ते रहते है। जिससे पास से गुजरने वाले व्यक्तियों को खतरा बना रहता है। उन्होने बताया कि करौली जिला इन दिनों कई सारी परेशानियों के दौर से गुजर रहा है। लेकिन परेशानियों को हल करने वाला कोई नहीं है।

सार-समाचार

आग पर दमकल ने पाया काबू

बयाना। बयाना के गांव ब्रम्हबाद में बीती रात्रि को अचानक भभकी आग से हलचल मच गई। आग की सूचना पर बयाना से दमकल गाडी लेकर दमकलकर्मीयों की टीम व पुलिस भी पहुंची। जिन्होंने कई घंटे की मषक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि यह आग वहां सडक किनारे एक खाली भूखंड में रखे ईंधन व झाडियों में लग जाने से ज्यादा भभक गई थी। जिसकी चपेट में छप्परपोष व कई हरे पेड भी आकर नश्ट हो गए। आग पर काबू पाने में देरी हो गई होती तो बडा हादसा हो सकता था। यह आग विधुत लाइन से निकली चिंगारी से लगी बताई।

पाराशर डीआरओ नियुक्त

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। अखिल भारतीय कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण द्वारा होने वाले राष्ट्रीय संगठन चुनाव में के लिए युवा नेता पवन पाराशर को झारखंड राज्य में डीआरओ लगाया गया है। जो की संगठन चुनाव और पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। पाराशर ने बताया कि वो जल्द ही झारखंड जाकर कांग्रेस पार्टी संगठन की बैठक कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। यह नियुक्ति प्राधिकरण के चेयरमैन और राष्ट्रीय महासचिव मधुसूदन मिस्त्री द्वारा ये प्रदान की गई है।

तीन आरोपी गिरफ्तार

करौली (निंसं.) पुलिस अधीक्षक करौली शैलेन्द्र सिंह इन्दौलिया के निर्देशन में थानाधिकारी कोतवाली करौली दिनेश चन्द मीना द्वारा ऑपरेशन शिकंजा के तहत कार्यवाही करते हुए गत 2 अप्रेल नव सम्वतसर पर करौली कस्बे में हुए पथराव एवं आगजनी के प्रकरण में वांछित आरोपी सोनू प्रजापत पुत्र गोपाल प्रजापत निवासी पांडे का कूआ करौली,सद्दाम पुत्र सिराजुद्दीन कुरैसी मुसलमान निवासी बजीरपुर गेट करौली,नादिर पुत्र नूर मोहम्मद कमनीगर मुसलमान निवासी हटवाडा बाजार करौली को गिरफ्तार किया गया।

पेयजल समस्या के समाधान की मांग

मण्डरायल (निंसं.)। कस्बे के कांग्रेसियों ने पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा एवं जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर पेयजल समस्या सहित सीएचसी पर वरिष्ठ चिकित्सक लगाने की मांग कि है।

गर्मी के मौसम को मध्येनजर रखते हुए मंडरायल कस्बे के प्रमुख स्थानों पर ग्राम पंचायत से पेयजल समस्या निराकरण हेतु पेयजल सप्लाई मंडरायल कस्बे वासियों सहित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मण्डरायल पर वरिष्ठ चिकित्सकों के लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को भरने सहित चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर कस्बे वासियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा एवं करौली जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर समस्या समाधान की मांग की गई है।

मण्डरायल निवासी कांग्रेस सेवा दल सपोटरा विधानसभा अध्यक्ष राज भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी के मौसम को मद्देनजर रखते कस्बे के प्रमुख स्थानो पर पीने के पानी की व्यवस्था को लेकर क्षेत्रों में पेयजल संकट के लिए समाधान की मांग की है।

पंचायत समिति विकास अधिकारी को उपदेश कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने के चलते लंबे अरसे से डांग क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के चलते कस्बे वासियों द्वारा मण्डरायल के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वरिष्ठ चिकित्सकों के रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने की मांग की गई जिससे क्षेत्र की जनता को स्थानीय स्तर पर चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ होने सहित विशेषज्ञों की सेवाओं का लाभ मिल सके।

स्कूल को इनवर्टर की 4 बैटरी भेंट

टोडाभीम (नि.सं.)। ग्राम पंचायत शहराकर में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रधान कल्पना मीणा द्वारा विद्यालय प्रशासन को इनवर्टर की 4 बैटरी भेंट की गई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में इनवर्टर की बैटरी भेंट करने से गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों को विद्युत कटौती के दौरान विद्युत कटौती के चलते गर्मी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इनवर्टर की बैटरियों से विद्युत कटौती के दौरान विद्यालय के कक्षा कक्षों में लगे सभी पंखे चल सकेंगे, जिससे विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। गौरतलब है कि पंचायत समिति प्रधान कल्पना मीणा के द्वारा विद्यालय के वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यालय के लिए 4 बैटरी भेंट करने की घोषणा की गई थी। जिसे उन्होंने सोमवार को विद्यालय प्रशासन को 4 बैटरी भेंट कर के पूरा किया है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

करौली (निंसं.)। टोडाभीम तहसील के बालघाट गांव निवासी लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर सरपंच के विरुद्ध शिकायत की है।

बालघाट गांव निवासी हरि सिंह मीणा, नरेश, धर्म सिंह मीणा, हनुमान सिंह, राजू लाल बैरवा, रामदयाल मीणा सुग्रीव मीणा, भीकाराम मीणा, सुनील कुमार सिंहल, नीरज कुमार, प्रकाश आदि लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि गांव बालघाट में सार्वजनिक निर्माण विभाग के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र तक आम जनता की सुविधा के लिए डामर रोड बनाया जा रहा है। उक्त रोड भंडारी अंदरूनी,भंडारी वैरूनी,राजौर,मोरडा, बॉस मोरडा की जनता को सीधा जोड़ता है। जिससे मरीजों को लेकर एंबुलेंस से अस्पताल तक पहुंचने में आसानी होती है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क को वर्तमान सरपंच हंसराज बैरवा एवं अन्य लोगों के द्वारा बनने नहीं दिया जा रहा है सरपंच द्वारा दो दुकानों के भूखंडों की मांग की जा रही है। अभी मौके पर काम चल रहा है जिसके कारण यह लोग सड़क निर्माण में व्यवधान डाल रहे हैं। जबकि उक्त खसरा नंबर 345/2,346/1 न्यायालय द्वारा डिग्री पारित कर यह आदेश दिया कि स्वास्थ्य केंद्र बालघाट की बाउंड्री के पूर्वी भाग जो कि स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री से मिला हुआ है। में प्लॉट नहीं काटे यह लोग न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर आमादा है। इसलिए न्याय हित में उक्त रोड को बनाए जाना आवश्यक है रास्ते की कुल लंबाई 300 मीटर में से 230 मीटर संवत 2013 के राजस्व रिकॉर्ड में है महज 70 मीटर रोड जो इमरजेंसी में एंबुलेंस के लिए सीधी कनेक्टिविटी रोड है रोड वर्ष 2011 में तत्कालीन प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी दिनेश गोयल के प्रभावी दल के स्वीकृत होकर निर्माण हो चुका है।

पेयजल समस्या निराकरण की मांग

करौली (निंसं.) करौली नगरपरिषद क्षेत्र मे भीषण गर्मी के दौरान व्याप्त पेयजल समस्या को लेकर कई पार्षदो ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर समस्या निराकरण कि मांग की।

करौली नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष कुलदीप सिंह धाबाई के नेतृत्व मे पार्षदो ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 27,29,23,8 में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित है विगत कई सालों से कई जगह ऐसी हैं जहां पानी की बूंद भी नहीं आती संबंधित विभाग जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। जिस पर जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया है शीघ्र ही समस्या का समाधान होगा। वार्ड 8 में न्यू कृषि उपज मंडी के पीछे जवाहर नगर में और वसुंधरा कॉलोनी में नई पाइप लाइन डलवाने के लिए भी ज्ञापन दिया गया।

कोटा मण्डल की 17 रेलगाड़ियों में अनारक्षित श्रेणी की सुविधा बहाल

गंगापुर सिटी। रेल प्रशासन द्वारा कोविड-19 के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री गाडियों के सामान्य श्रेणी के डिब्बों को आरक्षित श्रेणी बनाकर चलाया जा रहा था। कोविड-19 की परिस्थितियां सामान्य होने पर रेलवे द्वारा कोविड महामारी के पूर्व नियमित ट्रेनों में जो सामान्य श्रेणी के कोच अनारक्षित रूप से चलाए जा रहे थे उन्हें फिर से कोविड महामारी के पूर्व की स्थिति में बहाल किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल से शुरु/टर्मिनेट होने वाली अब तक कुल 72 ट्रेनों में अनारक्षित सामान्य श्रेणी की सुविधा बहाल हुई है। इसके अंतर्गत जबलपुर मण्डल की 31 ट्रेनों में, भोपाल मण्डल की 24 ट्रेनों में अनारक्षित सामान्य श्रेणी की सुविधा बहाल हो गई है। कोटा मण्डल की 17 ट्रेनों कोटा-पटना एक्सप्रेस, पटना-कोटा एक्सप्रेस, कोटा-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा सप्ताहिक एक्सप्रेस, कोटा-हिसार एक्सप्रेस, हिसार-कोटा एक्सप्रेस, कोटा-हिसार एक्सप्रेस (वाया चूरू), हिसार-कोटा एक्सप्रेस (वाया चूरू), कोटा-मंदसौर एक्सप्रेस, कोटा-उधमपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, उधमपुर-कोटा साप्ताहिक एक्सप्रेस, कोटा-श्री गंगानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, श्री गंगानगर-कोटा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोटा-इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस, इंदौर-कोटा इंटरसिटी एक्सप्रेस, झालावाड सिटी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस, श्री गंगानगर-झालावाड सिटी एक्सप्रेस, सोगरिया-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित सामान्य श्रेणी की सुविधा बहाल हुई है।

'नहर परियोजना को राष्ट्रीय दर्जा दिया जाये'

ढिंढोरा (नि.सं.)। ग्राम ढिंढोरा में किसान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलाने के लिए किसानों को जागरूक किया गया।

प्रदेश संघर्ष समिति के महामंत्री भरत सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में परियोजना के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा की किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामलाल मीणा के नेतृत्व में राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलाने के लिए प्रदेश किसान संघर्ष समिति द्वारा जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। महा मंत्री भरत सिंह डागुर ने बताया इंदौर क्षेत्र में महापंचायत कर लोगों को आरसीपी के बारे में जागरूक किया जाएगा।

उक्त मौके पर प्रोफ़ेसर महेश जोशी, रमेश, धारा सिंह जाट, गंगा प्रसाद शर्मा जगमोहन सेन प्रकाश डामोर जसवंत सिंह डागुर सिया राम सेन बृजमोहन जाट अर्जुन सिंह महेंद्र सतीश चंद्र मंगल शर्मा, दिनेश नागौर आदि मौजूद रहे।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रसार-प्रचार किया

विधानसभा क्षेत्र के यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी।

टोडाभीम (नि.सं.)। विधानसभा क्षेत्र के यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का गांव-गांव एवं ढाणी-ढाणी जाकर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। विधानसभा क्षेत्र के गांव कैमरी में गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा टोडाभीम यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष महेश बड़ापुरा एवं नादौती यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लवकुश ढहरिया और उपाध्यक्ष ऋषिकेश अलूदा और शोशल मीडिया प्रभारी रामवतार भीलापाडा के द्वारा चिरंजीवी योजना, बालिका कन्यादान योजना सहित राज्य सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों जानकारी देकर इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा चिरंजीवी योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाएं इससे आमजन को लाभ मिलेगा।

एक लाखों रुपए की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

करौली (निंसं.) करौली कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ऑपरेशन फ्लैश आउट के तहत एक आरोपी को एक लाख रूपए कीमत की 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौलिया के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं ऑपरेशन फ्लैस आउट के तहत पुलिस ने 67 भी कार्यवाही करते हुए एक लाख रुपए कीमत की 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश चंद ने बताया कि आरोपी मुकेश चंद मीणा पुत्र घमसू मीणा 42 निवासी गांव चेतियापुरा डाबरा थाना सपोटरा को गश्त के दौरान रीको एरिया क्षेत्र में पैदल जाते समय गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि कार्यवाही के दौरान थाने के सहायक उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, हैड कांस्टेबल नटवर सिंह,कांस्टेबल रघुवीर सिंह,सुग्रीव,सत्येंद्र,पुष्पेंद्र कुमार साइबर सैल एवं सरकारी वाहन चालक जसवंत सिंह साथ थे।

कार की टक्कर से महिला की मौत

भरतपुर (निसं)। शहर के बी-नारायण गेट पर गुरुवार को ई-रिक्शा से उतर रही एक महिला पर पीछे से तेज गति से आ रहे चालक ने कार चढा दी। इसके बाद जब ई-रिक्शा के आगे अन्य वाहन को खड़ा देखा तो दुबारा से गाडी पीछे कर घायल महिला को कुचल दिया। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि महिला के खून से सड़क लाल हो गई। वहां मौजूद लोग आक्रोशित हो गए और गाड़ी का पीछा किया, लेकिन चालक कार को इतनी तेज गति से लेकर गया था कि रास्ते के कुछ स्थानों पर अन्य वाहनों से भी टक्कर होने से बच गई। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। लोगों ने पुलिस के सामने भी घटना को लेकर रोष व्यक्त किया। मृतका वार्ड 22 के नगर निगम पार्षद चतर सिंह सैनी के बड़े भाई की पत्नी है।

जानकारी के अनुसार बबली पत्नी धर्मसिंह सैनी (45) निवासी छौंकर वाली बाखर बी-नारायण गेट भरतपुर कंपनी बाग स्थित एक मिठाई विक्रेता के गोदाम पर मजदूरी का कार्य करती है। पति भी मजदूरी करते हैं। क्योंकि परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पत्नी भी मजदूरी कर रही थी। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जब महिला गोदाम से मजदूरी कर आरबीएम अस्पताल के सामने ई-रिक्शा से घर के लिए रवाना हुई। जहां बी-नारायण गेट पर ई-रिक्शा से उतरते समय पीछे से आ रही कार महिला पर चढ़ गई। आगे दूसरा वाहन खड़ा होने के कारण भागने के लिए चालक ने गाड़ी को पीछे कर दुबारा कार महिला पर चढा दी। पुलिस ने महिला के शव का आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। करीब दो घंटे तक नाकाबंदी व तलाश के बाद भी कार व चालक का सुराग नहीं लग सका है। मथुरा गेट थाना पुलिस ने कार व चालक की तलाश करने में जुटी हुई है।

■ हादसा इतना दर्दनाक था कि सड़क पर खून फैल गया

चांदनी रात में की वन्यजीवों की गणना

मासलपुर (निंसं.)। मासलपुर वन विभाग की ओर से बुद्ध पूर्णिमा की चांदनी रात में क्षेत्र के करीब आधा दर्जन वाटर होल के स्थानों पर वन्य जीव गणना की गई जिसमें कुल 579 जीवों की संख्या गणना में देखने को मिली।

क्षेत्रीय वन अधिकारी रमेश चंद्र मीणा ने बताया कि 16 मई प्रात: 8बजे से 17 मई प्रात: 9 बजे तक क्षेत्र के सागर तालाब,रूपा बांध, ध्रुवघटा लेदौर का बांध, रूंधपुरा तालाब एवं रछेड तालाब पर वन जीव गणना की गई जहां दो कार्मिक नियुक्त किए गए। गणना में 203 ज्ञात वन जीव व 376 अज्ञात वन्य जीव देखने को मिले। जिनमें रोजडे,मोर की संख्या अधिक रही उन्होंने बताया कि वन्य जीव गणना के लिए प्रथम पारी में कमर सिंह वनरक्षक,दर्शन सिंह वन रक्षक,प्रेम सिंह सहायक वनपाल,विकास मीना सहायक वनपाल,महेश चंद्र वनरक्षक द्वारा 16 मई को प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक एवं द्वितीय पारी में दर्शन सिंह वनरक्षक,बनवारी वनपाल,नवाब का वृक्ष पालक,हेमेंद्र सिंह सहायक वनपाल द्वारा गणना की गई।

बेटी का उपचार करवाने आये पिता का पर्स चोरी

टोडाभीम (नि.सं.)। कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगियों के साथ आये परिजनों को मोटरसाइकिलें चोरी होए के साथ-साथ जेब तराशी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में गांव मंडेरु निवासी रामकेश मीना चिकित्सालय में अपनी बीमार बेटी एवं एक रिश्तेदार का उपचार करवाने आया था उन्हें वह चिकित्सालय में भर्ती करवाकर चिकित्सालयर परिसर में संचालित मेडिकल की दुकान से दवाई खरीदने का गया दवाई खरीदने के दौरान किसी अज्ञात चोर के द्वारा मेरा पर्स चुरा लिया गया। पीड़ित के द्वारा ऊक्त घटना की सूचना स्थानीय पुलिस थाने में दे दी गई। पीड़ित रामकेश मीणा मंडेरू ने बताया कि मेडिकल स्टोर पर पहुंचे तो पर्स नहीं मिला। पर्स में पैसे व जरूरी दस्तावेज जन आधार, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि दस्तावेज थे। थानाधिकारी रामखिलाड़ी मीना ने बताया कि ऊक्त मामले में पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है।

'समस्या निबटारे के लिए पीड़ितों को चक्कर नहीं लगाना पड़े'

करौली (निंसं.)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार ग्रामीण व आमजन के कार्य ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर ही समय पर हो जिससे उन्हे बिना किसी कारण के जिला स्तर पर चक्कर नही लगाने पडें एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

जिला कलेक्टर गुरूवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी रूम मे जनसुनवाई करते हुए ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने बताया कि आमजन के कार्य ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान ही हो इसके लिये अधिकारी सक्रिय रहते हुए कार्य करें एवं इस दौरान पेयजल,विद्युत,चिकित्सा सहित अन्य संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जनसुनवाई के दौरान पंचायतीराज से संबंधित,चिकित्सा से संबंधित,ग्राम पंचायत में पट्टे दिलवाने, आशा सहयोगिनी का बकाया मानदेय दिलवाने,पेयजल की समस्या का निस्तारण करवाने,अतिक्रमण हटवाने, सिलिकोसिस का बकाया भुगतान करवाने,हैंडपंप लगवाने,बेरोजगारी भत्ता दिलवाने सहित 17 परिवाद परिवादियों द्वारा दिये गये इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही समस्याओ को दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने कहा कि इसके अलावा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का भी समय सीमा मे नियमानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी को राहत मिल सके।उन्होने कार्य मे लापरवाही बरतने एवं बैठक मे अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये है।बैठक मे अतिरिक्त जिला कलक्टर परसराम मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महावीर प्रसाद नायक,सीएमएचओं डॉ. दिनेश चंद मीना, डीएसओ रामसिंह मीना, जीएम डीआईसी के के मीना,अधिक्षण अभियंता आरसी शर्मा,राजवीर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन आज

गंगापुर सिटी। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन जिला एवं तहसील कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन मित्तल आदर्श माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिला अध्यक्ष कुशला खुंटेटा और तहसील अध्यक्ष रेखा अग्रवाल ने बताया कि बालिका व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर के रजिस्ट्रेशन 20 मई आज से सुबह 9 बजे से शुरू किए जाएगें।

जिला महामंत्री डॉ सरिता बंसल व तहसील महामंत्री अनीता दुसाद ने बताया प्रशिक्षण शिविर में सिलाई की टीचर सुनीता, मेहंदी की टीचर गीता मेहरवाल, ब्यूटीशियन अर्चना गोयल, ढोलक वैजयंती देवी, सेल्फ डिफेंस एंथोनी सर, आर्ट एंड क्राफ्ट शोभा देवी पार्लर वाली और केक बनाने का प्रशिक्षण सुमन गर्ग के द्वारा दिया जाएगा। शिविर का शुभारंभ 21 तारीख से शाम 4 बजे किया जाएगा। शिविर में रजिस्ट्रेशन के लिए संयोजक बबीता जिंदल को बनाया है।

दीपेन्द्र खटाना ने ताइक्वांडो में गोल्ड मैडल जीतकर किया जिले का नाम रोशन

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दीपेन्द्र खटाना ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। मध्यप्रदेश के उज्जैन में आयोजित हुई राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में क्षेत्र के कैमरी गांव स्थित ढाणी बेढे का पुरा निवासी दीपेन्द्र खटाना ने बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अपने नाम किया है।

दीपेन्द्र के बड़े भाई नरेन्द्र खटाना ने बताया कि मध्यप्रदेश के उज्जैन में 13 मई से 16 मई तक आयोजित हुई राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दीपेन्द्र ने सब जूनियर वर्ग में 45 किलो भार कैटेगरी में हिस्सा लिया था। जिसमें दीपेन्द्र ने हरियाणा व उत्तरप्रदेश के प्रतिभागियों को पराजित कर गोल्ड मैडल हांसिल किया। दीपेन्द्र पिछले करीब तीन वर्षों से हिण्डौन सिटी में ताइक्वांडो के गुर सीखते आ रहे है। इससे पूर्व उन्होंने कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया था और हर बार अच्छा प्रदर्शन किया। इस बार उन्होंने उज्जैन में गोल्ड मैडल जीतकर अपने गांव कैमरी, परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। दीपेन्द्र के पिता शिवदयाल खटाना भारतीय सेना में कार्यरत है।

दीपेन्द्र ने इस सफलता का श्रेय अपने कोच व राष्ट्रीय रैफरी रामबृज सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन को दिया। दीपेन्द्र के गोल्ड मैडल जीतकर गांव लौटने पर पूर्व पार्षद गोपेन्द्र सिंह पावटा, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र खटाना प्रदीप खटाना सहित कई लोगों ने स्वागत किया।

मथुरा से सवाई माधोपुर पैसेंजर संचालन के लिए सौंपा ज्ञापन

भरतपुर, (निसं)। 19 मई को 54793/94 मथुरा से सवाई माधोपुर लोकल पैसेंजर ट्रैन नही चलने पर क्षेत्रीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष विश्वेंद्र सिंह चाहर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डी.आर.एम पंकज शर्मा को कोटा पहुंच कर ज्ञापन सौंपा और बताया कि कोरोना काल में लगभग सभी ट्रेनों को बंद कर दिया गया था चूँकि अब सभी लोकल ट्रेन चालू कर दी गई है जिसमें से बेहद अहम ट्रेन मथुरा से सवाई माधोपुर लोकल पैसेंजर ट्रेन का संचालन नहीं किया गया है जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और उच्चअधिकारियों के लिए कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं पर संघर्ष समिति के बार-बार निवेदन करने पर भी रेल प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है इस कारण निम्न वर्ग के लोगों और व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मथुरा व सवाई माधोपुर के बीच करीबन सैकड़ों स्टेशन पड़ते हैं।